भारत सरकार

आयुष मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1369

06 फरवरी, 2026 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

उत्तर प्रदेश में आयुष सेवाएं और औषधीय पादप का उत्पादन

1369. श्रीमती कृष्णा देवी शिवशंकर पटेल:

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या उत्तर प्रदेश में विशेषकर बांदा चित्रकूट क्षेत्र में आयुर्वेद, योग, प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्धा और होम्योपैथी (आयुष) सेवाओं की वर्तमान स्थिति का कोई आकलन किया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या उक्त क्षेत्र में आयुप अस्पताल, स्वास्थ्य केंद्र और औषधीय पादप के लिए उत्पादन इकाइयों की स्थापना करने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार द्वारा इन पहलों के स्थानीय रोजगार, स्वास्थ्य सेवाओं और औषधीय पादप आधारित उद्योगों पर पड़ने वाले संभावित प्रभावों का कोई आकलन किया गया है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

आयुष मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री प्रतापराव जाधव)

(क): जन स्वास्थ्य राज्य का विषय होने के कारण, उत्तर प्रदेश में आयुष सेवाओं की वर्तमान स्थिति का आकलन राज्य सरकार के कार्यक्षेत्र में आता है। राज्य द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, आयुष औषधालयों/आयुष अस्पतालों/फार्मेसियों आदि का नियमित आकलन, जिला आयुर्वेद एवं यूनानी अधिकारी और जिला होम्योपैथी चिकित्सा अधिकारी द्वारा नियमित आधार पर किया जा रहा है। बांदा में 22 राज्य आयुर्वेद औषधालय, 04 यूनानी औषधालय और 27 होम्योपैथी औषधालय हैं। चित्रकूट में 09 राज्य आयुर्वेद औषधालय और 16 होम्योपैथी औषधालय हैं। इसके अतिरिक्त, 12 आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) बांदा में और 05 एएएम (आयुष) चित्रकूट जिले में आयुष और योग सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। इनके अलावा, बांदा में 04 योग वेलनेस केंद्र और चित्रकूट में 02 योग वेलनेस केंद्र योग सेवाएं प्रदान कर रहे हैं।

(ख): चूंकि जन स्वास्थ्य राज्य का विषय है, इसलिए बांदा चित्रकूट क्षेत्र में आयुष अस्पतालों, एएएम (आयुष), पूर्ववर्ती आयुष स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्रों और औषधीय पादप इकाइयों की स्थापना उत्तर प्रदेश सहित संबंधित राज्य सरकार के कार्यक्षेत्र में आती है। हालांकि, आयुष मंत्रालय एनएएम दिशानिर्देशों के प्रावधानों के अनुसार, उत्तर प्रदेश सहित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों को राज्य वार्षिक कार्य योजनाओं (एसएएपी) के माध्यम से प्राप्त प्रस्तावों के अनुसार वित्तीय सहायता प्रदान कर रहा है।

(ग) और (घ): क्षेत्रीय दौरा करते समय टीम को ज्ञात हुआ कि आयुष औषधालयों/उप स्वास्थ्य केंद्रों को एएएम (आयुष) में उन्नत करने के बाद एएएम (आयुष) ओपीडी में आने वाले लाभार्थियों की संख्या में भारी वृद्धि हुई है, क्योंकि ये सुविधाएं ओपीडी सेवाओं के अलावा विभिन्न अन्य स्वास्थ्य सेवाएं भी

प्रदान कर रही हैं, जिसमें सुविधा के स्तर पर प्रकृति परीक्षण, योग से संबंधित गतिविधियों के साथ-साथ समुदाय के बीच, सामान्य औषधीय पादपों के उपयोग के बारे में जागरूकता आदि शामिल है।

इसके अलावा, राज्य सरकार ने सूचित किया है कि एएएम (आयुष) और योग वेलनेस केंद्रों की स्थापना से स्थानीय रोजगार भी सृजन हुआ है, विशेष रूप से योग पेशेवरों के लिए। वर्तमान में, बांदा में 12 एएएम (आयुष) में 12 पुरुष और 12 महिला योग प्रशिक्षकों का प्रावधान है। इसी तरह चित्रकूट के 05 आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में 05 पुरुष और 05 महिला योग प्रशिक्षकों का प्रावधान है। इसके अतिरिक्त, बांदा में 04 योग वेलनेस केंद्रों में 04 योग प्रशिक्षकों और योग सहायकों का प्रावधान है और चित्रकूट में 02 योग प्रशिक्षकों और 02 योग सहायकों का प्रावधान है।

*****